MELBOURNE ENERGY & RESOURCE CENTRE
Powered by CLEANAWAY

# पूछे जाने वाले आम सवाल

**क्या वेस्ट-टू-एनर्जी केन्द्र इंसिनरेटर संयत्र के समान है?**

"इंसिनरेटर" शब्द का प्रयोग अंतर्राष्ट्रीय तौर पर किया जाता है, परन्तु यह जलाने के पुराने, अनियंत्रित तरीकों की ओर इशारा कर सकता है। EU और विक्टोरियाई EPA के कड़े उत्सर्जन मानकों को पूरा करते हुए MERC ऊर्जा और सामग्रियों की पुनर्प्राप्ति के लिए एडवांस्ड फ्लू गैस ट्रींटमेंट के साथ आधुनिक मूविंग-ग्रेट दहन का उपयोग करेगा।

**MERC किस प्रकार के वेस्ट (अपशिष्टों) को स्वीकार करेगा?**

MERC केवल घरों, व्यवसायों और उद्योगों से प्राप्त रिसाइकल न किए जाने वाले अवशेष कचरे का ही प्रसंस्करण करेगा, ऐसी सामग्री जो अन्यथा लैंडफिल में जाएगी।

यह केन्द्र खतरनाक अपशिष्ट, रिसाइकल किए जाने योग्य सामग्री, एस्बेस्टस, या खाद्य एवं उद्यान के कार्बनिक पदार्थ स्वीकार नहीं करेगा, जिन्हें खाद बनाने वाली सुविधाओं में जाना चाहिए।

**MERC यह कैसे सुनिश्चित करेगा कि यह रिसाइक्लिंग प्रक्रिया को कमजोर नहीं बनाता है?**

यह केन्द्र विक्टोरिया की वेस्ट-टू-एनर्जी सीमा के अधीन परिचालन करता है, जो कि प्रत्येक वर्ष तापीय रूप से संसाधित किए जा सकने वाले अवशेष अपशिष्ट की कुल मात्रा को सीमित करती है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि वेस्ट-टू-एनर्जी का प्रयोग केवल उन सामग्रियों के लिए किया जाता है जिन्हें रिसाइकल या पुन:प्रयोग नहीं किया जा सकता है, जिससे विक्टोरिया के रिसाइक्लिंग और अपशिष्ट कटौति के लक्ष्यों में समर्थन मिलता है।

वेस्ट-टू-एनर्जी केन्द्रों के पास केवल उसी अपशिष्ट की पुनर्प्राप्ति की अनुमति होगी, जिन्हें पहले से ही रिसाइकल किए जाने योग्य सामग्रियों से अलग कर दिया गया है।

**MERC स्थानीय वायु की गुणवत्ता को कैसे प्रभावित करेगा?**

हवा की गुणवत्ता और स्वास्थ्य जोखिम के स्वतंत्र आकलनों में पाया गया है कि यदि सभी नियंत्रणों और विनियमों का पालन किया जाता है, तो इस केन्द्र से मानव स्वास्थ्य के लिए निम्न से लेकर लगभग शून्य के बराबर जोखिम उत्पन्न होता है। MERC हवा की गुणवत्ता और जनस्वास्थ्य के संरक्षण के लिए तैयार की गई कड़ी विक्टोरियाई EPA उत्सर्जन सीमाओं का पालन करेगा।

**आप गंध और शोर का प्रबंधन कैसे करेंगे??**

अपशिष्ट को सीलबंद इमारतों में संग्रहीत किया जाएगा जहाँ हवा के प्रवाह को नियंत्रित किया जाएगा, ताकि दुर्गंध बाहर न निकले। भवन डिज़ाइन, उपकरण चयन और परिचालन नियंत्रण के माध्यम से शोर को कम से कम किया जाएगा।

प्रस्तावित केन्द्र और सबसे नजदीकी आवासीय क्षेत्र के बीच 1 किमी से अधिक की दूरी है।

**फ्लू गैस के निकलने से पहले आप इसे कैसे साफ करेंगे?**

करीब 99.9% फ्लू गैस हवा में पाई जाने वाली प्राकृतिक गैसें होंगी: ऑक्सीजन, कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन और जल वाष्प।  शेष प्रदूषकों को उन्नत तकनीकी के इस्तेमाल से संशोधित किया जाएगा, ताकि कड़े EPA और EU उत्सर्जन मानकों को पूरा किया जा सके।

ठंडी सुबहों में आपको ढेर से सफेद धुंध निकलती हुई दिखाई दे सकती है - यह बस जल वाष्प का संघनन है।

उत्सर्जनों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी, तथा परिणाम EPA को रिपोर्ट किए जाएंगे और जनता के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे।

**स्थल के लिए Wollert को क्यों चुना गया है?**

Cleanaway ने पूरे विक्टोरिया में कई संभावित स्थलों का आकलन किया।

Wollert को इसलिए चुना गया क्योंकि यह वेस्ट-टू-एनर्जी केन्द्र के लिए मुख्य मानदण्ड को पूरा करता है।

यह घरों और व्यवसायों जैसे अपशिष्ट स्रोतों के निकट स्थित है, जिससे लंबी दूरी के परिवहन की आवश्यकता कम हो जाती है और ऊर्जा पुनर्प्राप्ति का स्थानीय स्तर पर उपयोग संभव हो जाता है।

यह स्थल औद्योगिक और उपयोगिता विकास को समर्थन देने वाली नियोजन नीतियों के अनुरूप है, तथा प्रभावों को न्यूनतम बनाने के लिए अधिकांश आवासों से 1 किमी से अधिक दूरी पर तथा खदानों के निकट स्थित है, जो अन्य संवेदनशील उपयोगों को सीमित करता है।

विकासशील और स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों से इसकी निकटता संभावित रूप से स्थानीय लाभ और सेवाएं प्रदान करेगी।

इसके अलावा, स्थल तक Hume Freeway के माध्यम से अच्छी पहुँच भी है, और मार्ग आवासीय क्षेत्रों से परहेज करते हुए ट्रकों की कुशल आवाजाही का समर्थन करते हैं।

ये सभी कारक विक्टोरिया के लंबे-समय के अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरणीय लक्ष्यों से मेल खाते हैं।

**MERC से कितना यातायात आएगा, और इसका प्रबंध कैसे किया जाएगा?**

इस केन्द्र पर अपग्रेड की गई Summerhill Road के माध्यम से प्रतिदिन 330 ट्रक आएँगे और निर्गत किए जाएँगे, तथा कोई भी मार्ग आवासीय क्षेत्रों से होकर नहीं गुजरेगा। यातायात प्रबंधन योजना से भीड़भाड़ कम होगी और सड़क की सुरक्षा में सुधार होगा।

**यदि हम कम प्रयोग, पुन:प्रयोग और रिसाइकल कर सकते हैं, तो हमें वेस्ट-टू-एनर्जी की ज़रूरत क्यों है?**

परहेज करना, कम प्रयोग करना, पुन: प्रयोग करना और रिसाइकल करना अपशिष्ट के प्रबंधन के सबसे अच्छे तरीके हैं - और विक्टोरियावासी रिसाइकल किए जाने योग्य वस्तुओं, खाद्य-पदार्थों और ऑर्गेनिक्स की छंटाई करने और इन्हें अलग मार्ग पर भेजने में बेहतर बनते जा रहे हैं।

किंतु कुछ सामग्रियों को रिसाइकल नहीं किया जा सकता है, जैसे सामान्य अपशिष्ट कूड़ेदानों या

आवासीय वाणिज्यिक और औद्योगिक अपशिष्ट में कुछ निश्चित प्रकार की वस्तुएँ। वर्तमान में, विक्टोरिया में प्रतिवर्ष करीब 5.7 मिलियन टन की यह सामग्री लैंडफिल में जाती है।

मेलबर्न एनर्जी एंड रिसोर्स सेंटर (MERC) रिसाइकल न किए जा सकने वाले अवशेष अपशिष्ट को प्राप्त करेगा और उससे ऊर्जा व धातु को रिकवर करेगा, तथा लैंडफिल में जाने वाले अपशिष्ट की मात्रा को कम करेगा। यह विक्टोरिया के अपशिष्ट पदानुक्रम और चक्रीय अर्थव्यवस्था लक्ष्यों का समर्थन करता है।

## इस केन्द्र के लिए भुगतान कौन कर रहा है? क्या इसके लिए रेट्स का भुगतान करने वाले लोगों को अपनी जेब से भुगतान करना होगा?

यह परियोजना निजी तौर पर वित्त-पोषित है।

मेलबर्न एनर्जी एंंड रिसोर्स सेंटर के निर्माण और परिचालन में Cleanaway मुख्य निवेश करेगी, और स्थानीय तथा क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधि को महत्वपूर्ण प्रोत्साहन प्रदान करेगी। निवेश का यह स्तर इस परिसर को नौकरियों और उद्योग के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में जमाने में मदद करेगा, साथ ही सुस्थापित विकासकर्ता योगदान ढांचे के माध्यम से Wollert और आसपास के समुदायों के लिए दीर्घकालिक बुनियादी ढांचे के लाभ भी प्रदान करेगा।

अपशिष्ट आपूर्तिकर्ता, जैसे कि काउंसिल, व्यवसाय और अपशिष्ट कंपनियां, अवशेष अपशिष्ट के लिए प्रसंस्करण शुल्क का भुगतान करेंगी, जैसा कि वे वर्तमान में लैंडफिल निपटान के लिए करती हैं। इस परियोजना के लिए रेट्स का भुगतान करने वालों को धन-राशि नहीं देनी होगी।

## स्थानीय लोगों को इस परियोजना से कैसे लाभ मिलेगा?

मेलबर्न एनर्जी एंड रिसोर्स सेंटर (MERC) Wollert और आसपास के क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक, सामुदायिक, और पर्यावरणीय लाभ लाएगा। इससे निर्माण-क्षेत्र में लगभग 800 नौकरियों और 50 दीर्घकालिक कुशल परिचालन भूमिकाओं के सृजन की उम्मीद है, जिससे स्थानीय और क्षेत्रीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

यह परियोजना लैंडफिल के लिए लागत-प्रभावी विकल्प प्रदान करके अपशिष्ट निपटान लागत को स्थिर करने में मदद करती है, जिससे निवासियों और व्यवसायों के लिए काउंसिल रेट्स संभवतः कम हो जाएंगी।

Cleanaway एक सामुदायिक लाभ निधि (कम्युनिटी बेनेफिट्स फंड) की स्थापना कर रहा है, जिसका प्रबंधन स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा, ताकि पर्यावरणीय परियोजनाओं, खेलकूद सुविधाओं और सामुदायिक मनोरंजन जैसी पहलों को समर्थन दिया जा सके।

MERC में एक Visitor and Education Centre (आगंतुक एवं शिक्षा केन्द्र) भी होगा, ताकि समुदाय को रिसाइक्लिंग, संसाधन पुनर्प्राप्ति, और चक्रीय अर्थ-व्यवस्था के बारे में सीखने के लिए संलग्न किया जाए।

मेरी यह समझ है कि इस प्रकार की सुविधाओं से राख उत्पन्न होगी जो ज़हरीली हो सकती है, आप राख का संशोधन कैसे करेंगे?

इस केन्द्र में दो प्रकार की राख उत्पन्न होगी:

निचली राख: इस राख से रिसाइकल के लिए धातु निकाले जाते हैं। शेष सामग्री को निर्माण-ग्रेड ढेर में संसाधित किया जाता है, जिससे लैंडफिल से 95% से अधिक राख को हटाया जा सकता है।

वायु प्रदूषण नियंत्रण अवशेष: इस राख को सीलबंद साइलोज़ में एकत्र किया जाता है, हानिकारक प्रदूषकों को निष्क्रिय करने के लिए इसे संशोधित किया जाता है, और फिर लाइसेंस-प्राप्त लैंडफिल में सुरक्षित रूप से इसका निपटान किया जाता है।

**MERC केन्द्र प्रभावी परिचालन के लिए अपशिष्ट की विश्वसनीय आपूर्ति को कैसे संरक्षित करेगा?**

MERC की डिज़ाइन क्षमता वर्तमान में मेलबर्न में लैंडफिल में जाने वाले अपशिष्ट की मात्रा के विस्तृत आकलन पर आधारित है। प्रंसस्कृत किए जाने वाला सभी अपशिष्ट वह सामग्री होती है, जिसे रिसाइकल नहीं किया जा सकता है।

अपने ट्रांसफर स्टेशनों और मेलबर्न रीजनल लैंडफिल के माध्यम से Cleanaway अपशिष्ट की उस मात्रा को समझता है, जिसका निपटान वर्तमान में लैंडफिल में किया जाता है।

MERC सुविधा की डिज़ाइन क्षमता नियत करने तथा सुविधा को व्यवहार्य बनाने के लिए पर्याप्त मात्रा में अपशिष्ट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मेलबर्न बाज़ार में अपशिष्ट की मात्रा का गहन आकलन किया गया है। जिस भी अपशिष्ट को लेने का प्रस्ताव यह केन्द्र कर रहा है, वह लैंडफिल से लिया जाने वाला अपशिष्ट है।

**पारंपरिक स्वामियों को कैसे शामिल किया जाएगा? क्या वे इस बारे में अपनी राय दे पाएँगे कि इस भूमि का प्रयोग कैसे किया जा रहा है?**

Cleanaway इस परियोजना की सांस्कृतिक विरासत प्रबंधन योजना के संबंध में Wurundjeri Woi Wurrung लोगों के साथ मिलकर काम कर रहा है, जिसमें विरासत सलाहकारों के साथ स्थल पर जांच-पड़ताल करने के काम भी शामिल हैं।

**MERC कितने समय के लिए अपने परिचालन करेगा?**

इस केन्द्र के 25-30 साल तक परिचालन करने की उम्मीद है, और साथ ही दक्षता तथा पर्यावरणीय प्रदर्शन को बनाए रखने के लिए नियमित अपग्रेड कार्य भी किए जाएँगे।